# राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ Important Questions || Class 10 Social Science (Geography) Chapter 7

## 1 अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1 पूर्व-पश्चिम गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है ?**

**उत्तर:** सिलचर (असम) – पोरबंदर (गुजरात)

**प्रश्न 2 उत्तरी रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?**

**उत्तर:** दिल्ली

**प्रश्न 3 भारत में पहली रेलगाड़ी कब और कहाँ चलाई गई ?**

**उत्तर:** 16 अप्रैल, 1853 में मुंबई और थाणे के बीच (34 किमी. दूरी)

**प्रश्न 4 देश का सबसे पुराना कृत्रिम पत्तन कौन सा है ?**

**उत्तर:** चेन्नई

**प्रश्न 5 सड़क घनत्व से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर:** प्रति 100 वर्ग किमी क्षेत्र में सड़कों की लम्बाई को सड़क घनत्व कहा जाता है।

**प्रश्न 6 राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 किन स्थानों के बीच नौगम्य है ?**

**उत्तर:** इलाहाबाद और हल्दिया के बीच (1620 किमी. लंबा)

**प्रश्न 7 उत्तर-दक्षिण गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है ?**

**उत्तर:** श्रीनगर को कन्याकुमारी से।

**प्रश्न 8 पाइपलाइन परिवहन से क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर:** परिवहन का नया साधन है। पानी को घरों और खेतों में पहुँचाने के साथ-साथ कच्चा तेल, पैट्रोल उत्पाद तथा प्राकृतिक गैस को गैस शोध न शालाओं तक तथा ताप विद्युत घरों तक पहुँचाया जाता है।

**प्रश्न 9 भारत की तट रेखा की लम्बाई कितनी है ?**

**उत्तर:** 7516.6 किमी.

**प्रश्न 10 कौन सा समुद्री पत्तन लौह-अयस्क के निर्यात के सन्दर्भ में प्रमुख पतन है ?**

**उत्तर:** मारमागाओ

**प्रश्न 11 स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहला विकसित पत्तन कौन सा है ?**

**उत्तर:** कांडला पत्तन

**प्रश्न 12 भारत के दो अंतःस्थलीय जलमार्गों के नाम बताइए?**

**उत्तर:**

- गंगा नदी- इलाहाबाद और हल्दिया के बीच।
- ब्रह्मपुत्र नदी – सादिया व धुबरी के बीच।

**प्रश्न 13 भारत में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया ?**

**उत्तर:** 1953 में।

**प्रश्न 14 बड़े शहरों में डाक संचार में तीव्रता लाने के लिए कौन-कौन से मुख्य उपाय किये गये हैं ?**

**उत्तर:** 6 डाक मार्ग बनाए गए हैं। राजधानी चैनल (मार्ग) मेट्रो (मार्ग), चैनल ग्रीन चैनल, व्यापार चैनल, भारी चैनल, दस्तावेज चैनल।

**प्रश्न 15 भारत में किस क्षेत्र में विशेष प्रावधान के माध्यम से हवाई यात्रा को आम जनता तक पहुँचाया गया है।**

**उत्तर:** उत्तर-पूर्वी राज्यों में।

**प्रश्न 16 सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है ?**

**उत्तर:** एन-एच-7

**प्रश्न 17 एन-एच-1 से कौन से दो शहर जुड़े हुए हैं ?**

**उत्तर:** दिल्ली व अमृतसर

**प्रश्न 18 भारत में कुल कितने रेलवे जोन हैं ?**

**उत्तर:** 16 जोन

**प्रश्न 19 भारत में किस राज्य में सबसे अधिक तथा सबसे कम सड़क घनत्व है ?**

**उत्तर:** सबसे अधिक केरल सबसे कम-जम्मू कश्मीर

**प्रश्न 20 उत्तर भारत का सबसे व्यस्त रेलवे जंक्शन कौन सा है ?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** मुगलसराय

**प्रश्न 21 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के दो घटक कौन से हैं ?**

**उत्तर:** आयात व निर्यात

**प्रश्न 22 हिंदी के अतिरिक्त किन दो भारतीय भाषाओं में सबसे अधिक समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं ?**

**उत्तर:** अंग्रेजी व उर्दू

**प्रश्न 23 भारतीय व विदेशी फिल्मों का सत्यापन करने वाला प्राधिकरण कौन सा हैं ?**

**उत्तर:** सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन

**प्रश्न 24 सबसे लंबी गैस पाईपलाइन कौन सी है ?**

**उत्तर:** हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर

**प्रश्न 25 प्रथम श्रेणी की डाक के दो उदाहरण दें।**

**उत्तर:** कार्ड व लिफाफे

## लघु । दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3/5 अंक)

---

**प्रश्न 1 जनसंचार के साधनों से होने वाले किन्हीं तीन लाभों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर:**

- स्वस्थ मनोरंजन करता है।
- राष्ट्रीय कार्यक्रम और नीतियों के बारे में जागरूक करता है।
- ज्ञानवर्धक है।
- खेल संबंधी कार्यक्रमों को प्रसारित किया जाता है।
- दूरदर्शन राष्ट्रीय समाचार और संदेश का माध्यम है।

**प्रश्न 2 पाइपलाइन परिवहन के लाभ बताइए?**

**उत्तर:**

- पाइपलाइन द्वारा शहरों और उद्योगों में पानी पहुंचाने के साथ गैस, खनिज तेल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया जाता है।
- समय की बचत होती है। बीच की चोरी और बर्बादी को रोका जा सकता है।
- पाइपलाइन बिछाने की लागत अधिक है परन्तु इसको चलाने की लागत कम है।
- पाइपलाइन द्वारा परिवहन शीघ्र, सुरक्षित और आसान हो जाता है।
- रेलों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकता है।

**प्रश्न 3 स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग की तीन विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तरः**

- यह 6 लेन वाला महामार्ग है।
- यह भारत की मेगा सिटीज दिल्ली, मुंबई, चेन्नई व कोलकाता को जोड़ता है।
- यह मेगा सिटीज के बीच की दूरी व समय को कम करता है।
- यह राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकार क्षेत्र में है।
- यह हमारे देश की एक प्रमुख सड़क विकास परियोजना है।

**प्रश्न 4 तीन रेलवे क्षेत्रों व उनके मुख्यालयों के नाम लिखिए।**

**उत्तरः**

- उत्तरी रेलवे क्षेत्र – नई दिल्ली
- पश्चिमी रेलवे क्षेत्र – मुंबई
- दक्षिणी रेलवे क्षेत्र – चेन्नई

**प्रश्न 5 सड़क परिवहन, रेल परिवहन से अधिक महत्वपूर्ण है, क्यों ?**

**उत्तरः**

- सड़क परिवहन रेल परिवहन से पहले प्रारंभ किया गया।
- निर्माण तथा व्यवस्था सुविधाजनक है।
- हमें घरों तक पहुँचाती है।
- पहाड़ी क्षेत्रों, दुर्गम क्षेत्रों तथा उबड़-खाबड़ स्थानों पर भी आसानी से बनाई जा सकती है।
- अन्य परिवहन साधनों में सड़क परिवहन एक कड़ी के रूप में काम करता है।

**प्रश्न 6 वायु परिवहन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः**

- आरामदायक साधन है।
- सभी साधनों के मुकाबले सबसे तेज़ है।
- दुर्गम स्थानों के लिए उपयुक्त है।
- कम समय में दूसरे स्थान पर पहुँचा देता है।
- बॉर्डर पर सेना के रखरखाव व भोजन सामग्री जल्दी से पहुँचाने हेतु महत्त्वपूर्ण है।

**प्रश्न 7 सड़क परिवहन किन-किन समस्याओं से जूझ रहा है ?**

**उत्तरः**

- लगभग आधी सड़कें कच्ची हैं जो वर्षा ऋतु में काम के योग्य नहीं रहती हैं।
- यातायात व यात्रियों की संख्या के अनुपात में सड़कें अपर्याप्त हैं।
- बढ़ते हुए वाहनों के कारण सड़के तंग व भीड़ भरी हैं। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम हो जाता है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग भी पर्याप्त नहीं हैं।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 8 रेलों के जाल के असमान वितरण के कारण लिखिए ?**

**उत्तर:**

- मैदानी भागों में निर्माण व लागत कम और आसान है।
- पर्वतीय भागों में निर्माण कठिन व लागत अधिक होती है।
- मैदानी भागों में जनसंख्या घनत्व अधिक है जिसके कारण रेलों का जाल बिछा है।
- मरूस्थलीय व पठारी भागों में औद्योगिक व कृषि कार्य विकसित न होने के कारण रेलों का घनत्व कम है। प्रशासकीय कारणों व सरकारी नीतियों के कारण भी रेलवे का विकास प्रभावित होता है।

**प्रश्न 9 पर्यटन एक उद्योग या व्यापार के रूप में अर्थव्यवस्था के विकास में किस प्रकार सहायक है ?**

**उत्तर:**

- पिछले कुछ वर्षों में भारत में पर्यटन उद्योग में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।
- 150 लाख से अधिक लोग इस उद्योग में लगे हुए हैं।
- स्थानीय हस्तकला और सांस्कृतिक उद्यमों को विकास के अवसर प्राप्त हुए हैं।
- विदेशी मुद्रा की प्राप्ति।
- राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा।

**प्रश्न 10 भारत की सड़कों का उनकी क्षमता के आधार पर वर्गीकरण कीजिए ?**

**उत्तर:**

- स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग – ये 6 लेन वाला महामार्ग है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग – देश के दूरस्थ भागों को जोड़ते हैं।
- राज्य महामार्ग – राज्यों की राजधानियों को जिला मुख्यालय से जोड़ते हैं।
- जिला मार्ग – जिले के प्रशासनिक केन्द्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ते हैं।
- सीमान्त सड़कें – सीमा सड़क संगठन इनका निर्माण करती है।

**प्रश्न 11 अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार व स्थानीय व्यापार में अन्तर स्पष्ट कीजिए ?**

**उत्तर:**

**अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार**

- दो देशों के बीच होता है।
- बड़े पैमाने पर।
- देश की पूँजी उसी देश में रहती है।
- पूरे लोकहित में आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

**स्थानीय व्यापार**

- गाँव, कस्बों या शहरों के बीच होता
- छोटे पैमाने पर।

- विदेशी मुद्रा का आदान-प्रदान होता है।
- क्षेत्र विशेष के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

**प्रश्न 12 परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधनों को अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ क्यों कहा जाता है ?**

**उत्तर:**

- परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधन एक दूसरे के पूरक हैं।
- देश-विदेश के दूर स्थित इलाकों को एक दूसरे से मिलाते हैं।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलता है।
- विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।
- जीवन आरामदायक व सुविधापूर्ण हो जाता है।
- सारा देश आपातकाल में एकजुट हो जाता है।

https://www.evidyarthi.in/